कुल 3

**राजस्थान सरकार**

# कार्यालय नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, करौली

क्रमांकः– सहायता / नागरिक सुरक्षा / 2020 / 15997 दिनांक 14/09/2020

संयुक्त शासन सचिव
आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग
जयपुर राजस्थान।

विषयः– बाढ नियंत्रण केन्द्रों पर नियुक्त स्वंयसेवकों को मानदेय भुगतान बावत्।
प्रसंगः– आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के पत्रांक एफ 2(1)(21) आ. प्र.स. / लेखा / बजट / 2016 / 11628 दिनांक 27.08.2020 के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के कम में लेख है कि इस कार्यालय के आदेश कमांक प.35(1)(1) नागरिक सुरक्षा / सहायता / 2020 / 13729 दिनांक 18.06.2020 के द्वारा माह जून–2020 से अगस्त–2020 (दिनांक 19.06.2020 से 31.08.2020) तक बाढ बचाव एवं रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु मानसून सत्र के दौरान 12 नागरिक सुरक्षा स्वंयसेवकों की ड्यूटी राउण्ड द क्लॉक लगायी गयी थी। अतः नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको हेतु माह जून–2020 से अगस्त–2020 तक कुल 881 दिवस (590 / –रु. प्रति दिवस) के हिसाब से कुल राशि 519790 / – (अक्षरे रूपये पांच लाख उन्नीस हजार सात सौ नब्बे) का भुगतान किया जाना है।

इस कार्यालय के आदेश कमांक प.35(1)(1) नागरिक सुरक्षा / सहायता / 2020 / 15880 दिनांक 03.09.2020 के द्वारा माह सितम्बर–2020 (दिनांक 04.09.2020 से 30.09.2020) तक बाढ बचाव हेतु 12 नागरिक सुरक्षा स्वंयसेवकों की ड्यूटी राउण्ड द क्लॉक लगायी गयी है, उक्त नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको हेतु कुल 324 दिवस (590 / –रु. प्रति दिवस) के हिसाब से कुल राशि 191160 / – (अक्षरे रूपये एक लाख इक्यानवे हजार एक सौ साठ) का भुगतान भी होना है।

अतः नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवको हेतु बजट मद 2245–01–800–04–04–41 में कुल राशि 710950 / – (अक्षरे रूपये सात लाख दस हजार नौ सौ पचास) का आवंटन करवाये जाने का श्रम करे।

संलग्न–उपरोक्तानुसार।

(सिद्धार्थ सिहाग)
नियंत्रक (जिला कलक्टर)
नागरिक सुरक्षा करौली

ok